# हरियाणा विधान सभा

**मंगलवार, 22 मार्च, 2022**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

## पीने के पानी की कमी को पूरा करना

***1674. श्री चिरंजीव राव, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि रेवाड़ी शहर में पीने के पानी की कमी है तथा पानी की आपूर्ति वैकल्पिक दिनों पर हो रही है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसके कारण क्या है तथा उक्त पीने के पानी की कमी को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है ?

---

## खेल स्टेडियम का निर्माण करना

***1639. मोहम्मद इलियास, एम०एल०ए० :** क्या खेल एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि पुन्हाना में खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## पंजीकृत श्रमिकों की कुल संख्या

***1681. श्री शीशपाल केहरवाला, एम०एल०ए० :** क्या श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में तथा सिरसा में अब तक पंजीकृत श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है ?

---

## विद्यालयों का दर्जा बढ़ाना

***1689. श्री दुड़ा राम, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि काजल हेड़ी, खजूरी जट्टी, भाट्टू मण्डी, सिंथला तथा छपलामोड़ी के राजकीय विद्यालयों का दर्जा कब तक बढ़ाए जाने की संभावना है ?

---

## अतिभार के चालानों का ब्यौरा

***1784. श्री आफताब अहमद, एम०एल०ए० :** क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि जनवरी, 2018 से जनवरी, 2022 तक राज्य में ट्रकों तथा ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा अतिभार के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए चालानों की जिलेवार कुल संख्या कितनी है तथा इन चालानों से सरकार द्वारा प्राप्त कुल राशि कितनी है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## किसानों को मुआवजा

***1830. श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) उन किसानों का गांववार ब्यौरा क्या है जिन्हें वर्ष 2021 में जिला सिरसा में पिंक केटर पिल्लर (सुंडी) तथा बेमौसमी वर्षा के कारण अपनी क्षतिग्रस्त फसलों के लिए अब भी मुआवजा दिया जाना है; तथा

(ख) इन गांवों के किसानों को कब तक मुआवजा दिए जाने की संभावना है तथा डबवाली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के लिए सरकार द्वारा निश्चित की गई मुआवजे की गांववार राशि कितनी है ?

---

## किसानों को मुआवजा उपलब्ध करवाना

***1761. श्री बिशन लाल सैनी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि गांव गुमथला के नजदीक उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए यमुना नदी पर बन रहे पुल के कारण पुल के नीचे दोनों ओर किसानों की जमीन स्थाई रूप से नदी में लुप्त हो गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त किसानों को मुआवजा उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

## नगर निगम फरीदाबाद में घोटालों की संख्या

***1866. श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) वर्ष 2014 से दिसम्बर, 2021 तक नगर निगम फरीदाबाद में उजागर हुए घोटालों की संख्या कितनी है तथा विजिलेंस विभाग को जांच के लिए सौंपे गए घोटालों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) उपरोक्त घोटालों की विजिलेंस विभाग द्वारा की गई जांच की सिफारिशों का ब्यौरा क्या है तथा दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं तथा उनका ब्यौरा क्या है ?

---

## चारमार्गी सड़क का निर्माण कार्य आरम्भ करना

***1510. श्री मामन खान, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए पर नूंह से राजस्थान सीमा तक चारमार्गी सड़क का निर्माण करने के लिए दिनांक 05.06.2021 को सरकार द्वारा 292 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया था;

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त सड़क का निर्माण कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) इस सड़क पर सड़क दुर्घटना मृत्यु के मामलों में प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

**महिला विश्वविद्यालय खोलना**

***1602. श्री कुलदीप वत्स, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या बादली विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गाँव किरदोह तथा गिजरोड़ में पंचायत की हजारों एकड़ की खाली जमीन पर कोई महिला विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

**एक चिकित्सक महाविद्यालय खोलना**

***1611. श्री राव दान सिंह, एम०एल०ए० :** क्या चिकित्सा शिक्षा मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जाटपाली में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

**डी ए पी की कमी**

***1723. श्री बलराज कुन्डू, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में रबी सीजन के दौरान राज्य के किसान डी ए पी खाद की भारी कमी से जूझ रहे हैं; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; तथा

(ख) राज्य में डी ए पी खाद की कमी को दूर करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए अथवा उठाए जाने की संभावना है ?

---

**उपरि पुलों का निर्माण करना**

***1736. श्री घनश्याम दास अरोड़ा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या पंचकूला–कलानौर राजमार्ग पर थाना छप्पर तथा करहेड़ा खुर्द (खजूरी रोड) के समीप दुर्घटना संभावित चिंहित क्षेत्र पर उपरि पुलों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

---

### बी०पी०एल० परिवारों के घरों के निर्माण के लिए राशि जारी करना

***1539. श्री इन्दुराज नरवाल, एम०एल०ए० :** क्या विकास तथा पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2019 से अब तक बरौदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के बी०पी०एल० परिवारों के घरों के निर्माण के लिए जारी की गई राशि का वर्षवार ब्यौरा क्या है तथा बरौदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बी०पी०एल० परिवारों के घरों के निर्माण के लिए बकाया राशि कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

---

### रिंग रोड का निर्माण

***1591. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या जींद शहर में नरवाना सड़क से बरवाला सड़क वाया जुलानी–जलालपुर कलां तक रिंग रोड बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त रिंग रोड के कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

---

### पार्क विकसित करना

***1796. श्री धर्मपाल गोंदर, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या निसिंग में कोई पार्क विकसित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक विकसित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

---

### बहुस्तरीय पार्किंग या सामुदायिक केन्द्र का निर्माण करना

***1574. श्रीमती गीता भुक्कल, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या झज्जर शहर में पुराने बस स्टैण्ड की भूमि पर बहुस्तरीय पार्किंग या सामुदायिक केन्द्र बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ?

---

### नई माईनर का निर्माण करना

***1669. श्री विनोद भ्याणा, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि वर्ष 2014 में सरकार द्वारा स्वीकृत नई खेडी गंगन माईनर का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

### ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटियों का संरचनात्मक लेखा (ऑडिट)

***1708. श्री राकेश दौलताबाद, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमन्त्री कृपया बताएंगे कि क्या गुरूग्राम में चिन्तल्स हाई राईज सोसाइटी में हाल ही में मंजिल गिरने के पश्चात् गुरूग्राम में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटियों के संरचनात्मक लेखा के लिए सरकार द्वारा क्या कोई आदेश या अधिसूचना जारी की गई ?

---

## डेयरी सीवेज की समस्या का समाधान करना

***1771. श्री भारत भूषण बतरा, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि कच्चा बेरी सड़क तथा दशमेश नगर, रोहतक के पास स्थित डेयरियों के डेयरी सिवेज के कारण बरसाती पानी तथा सिवरेज प्रणाली भर जाती है तथा कच्चा बेरी सड़क तथा इसके साथ लगती गलियों पर फैल जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का स्थाई समाधान करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए अथवा उठाए जाने की संभावना है तथा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़:
दिनांक 13 मार्च, 2022.

58592—H.V.S.—H.G.P., Chd.